# कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)
## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार

**विषय: डब्ल्यूटीओ एसपीएस टीबीटी से संबंधित कार्य के लिए वरिष्ठ सलाहकार/विषय-वस्तु विशेषज्ञ और सलाहकार की नियुक्ति**

**दिनांक: 10.02.2023**

**संदर्भ: डब्ल्यूटीओ -2022-23-000044**

1. एपीडा द्वारा **डब्ल्यूटीओ एसपीएस टीबीटी से संबंधित कार्य के लिए वरिष्ठ सलाहकार/विषय-वस्तु विशेषज्ञ और सलाहकार** के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है । पद दो वर्ष (विस्तार-योग्य) की अवधि के लिए अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर भरा जाएगा।
2. आवेदक को डब्ल्यूटीओ मानदंडों, एसपीएस और टीबीटी उपायों, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और भारत के निर्यात, विदेशी व्यापार आदि पर इसके प्रभाव से सुनिपुण होना चाहिए।
3. आवेदक द्वारा केवल एक ही आवेदन को प्रस्तुत किया जाए। एक से अधिक आवेदन करने पर उसे अस्वीकृत किया जा सकता है।
4. केवल आवेदन जमा करने से आवेदक को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने की पुष्टि नहीं होगी।
5. आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाए।
6. आवेदन को एक लिफाफे में रख कर उस लिफाफे पर **""वरिष्ठ सलाहकार/विषय-वस्तु विशेषज्ञ (डब्ल्यूटीओ) और सलाहकार (डब्ल्यूटीओ) के पद के लिए आवेदन" "** लिखें, इस लिफाफे को रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रूप से निदेशक, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), तीसरी मंजिल, एनसीयूआई बिल्डिंग, 3 सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग, (खेल गांव के सामने), नई दिल्ली-110 016 पते पर **12.03.2023 (17:30 बजे)** तक भेंजे।
7. सक्षम प्राधिकारी के पास अपने विवेक से किसी भी आवेदन / उम्मीदवारी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है और इस संबंध में आवेदक से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
8. अपूर्ण / अहस्ताक्षरित आवेदन और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को उम्मीदवार को कोई सूचना दिए बिना सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।
9. गलत घोषणा/झूठी जानकारी जमा करने या कानून के विपरीत कोई अन्य कार्रवाई होने की स्थिति में किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा।

10. नियुक्ति, योग्यता, अनुभव आदि के लिए पद और नियम एवं शर्तों का विवरण निम्नानुसार है:-

| पद का नाम | वरिष्ठ सलाहकार/विषय-वस्तु विशेषज्ञ डब्ल्यूटीओ |
|---|---|
| पदों की संख्या | 01 |
| नियुक्ति की प्रणाली | अल्पकालिक अनुबंध |
| नियुक्ति की अवधि | 2 वर्ष (विस्तार-योग्य) |
| **योग्यता:** | **अनिवार्य योग्यता**<br><br>कृषि/बागवानी/खाद्य विज्ञान/जैविक विज्ञान/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार/विदेश व्यापार में स्नातकोत्तर डिग्री या कृषि व्यवसाय प्रबंधन/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार/विदेश व्यापार में एमबीए।<br><br>डब्ल्यूटीओ, विदेश व्यापार और कृषि निर्यात से संबंधित मुद्दों आदि के क्षेत्र में **पांच साल के साथ** न्यूनतम **दस वर्ष** का अनुभव।<br><br>अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पोर्टल अर्थात UNCOMTRADE, आईटीसी (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र) एफएओ, आयात शुल्क आदि का ज्ञान हो।<br><br>कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान हो।<br><br>**वांछित योग्यता**<br><br>व्यापार समझौता वार्ता, कृषि उत्पाद के लिए अधिकतम अवशेष स्तर (एमआरएल या सहिष्णुता) के विश्लेषण, अंतर्राष्ट्रीय मानक जैसे कोडेक्स, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन आदि में अनुभव। |
| आयु सीमा | 62 वर्ष (अधिकतम) |
| पारिश्रमिक (प्रति माह) | ₹ 80,000/- |

| पद का नाम | सलाहकार (डब्ल्यूटीओ) |
|---|---|
| पदों की संख्या | 01 |
| नियुक्ति की प्रणाली | अल्पकालिक अनुबंध |
| नियुक्ति की अवधि | 2 वर्ष (विस्तार-योग्य) |
| **योग्यता:** | **अनिवार्य योग्यता**<br><br>कृषि/बागवानी/खाद्य विज्ञान/जीव विज्ञान/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार/विदेश व्यापार में स्नातकोत्तर डिग्री या कृषि व्यवसाय प्रबंधन/अंतर्राष्ट्रीय |

| | |
|---|---|
| | व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार/विदेश व्यापार में एमबीए।<br><br>डब्ल्यूटीओ, विदेश व्यापार और कृषि निर्यात से संबंधित मुद्दों आदि के क्षेत्र में **तीन साल के साथ** न्यूनतम **पांच वर्ष** का अनुभव।<br><br>अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पोर्टल अर्थात UNCOMTRADE, आईटीसी (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र) एफएओ, आयात शुल्क आदि का ज्ञान हो।<br><br>कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान हो।<br><br>**वांछित योग्यता**<br><br>व्यापार समझौता वार्ता, कृषि उत्पाद के लिए अधिकतम अवशेष स्तर (एमआरएल या सहिष्णुता) के विश्लेषण, अंतर्राष्ट्रीय मानक जैसे कोडेक्स, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन आदि में अनुभव। |
| आयु सीमा | 40 वर्ष (अधिकतम) |
| पारिश्रमिक (प्रति माह) | ₹ 60,000/- |

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: दिनांक 12.03.2023 - 17:30 बजे**

## अनुलग्नक ।

## कार्य-क्षेत्र

1. डब्ल्यूटीओ की वेबसाइट से नियमित आधार पर सभी एसपीएस-टीबीटी अधिसूचनाएं डाउनलोड करें और भारत के लिए प्रासंगिक और एपीडा अनुसूचित उत्पादों के लिए प्रासंगिक एसपीएस-टीबीटी अधिसूचनाओं की पहचान करें; एसपीएस-टीबीटी अधिसूचनाओं को क्षेत्रवार पृथक करें (ताजे फल और सब्जियां, पशु उत्पाद , कीटनाशक, अनाज, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ , आदि); एसपीएस-टीबीटी अधिसूचनाओं की पहचान करें जिनका भारतीय निर्यात पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है ; अधिसूचना के आधिकारिक दस्तावेज का सारांश तैयार करें।

2. भारत के निर्यात, एसपीएस- टीबीटी करार, द्विपक्षीय व्यापार, बाजार अभिगम, निर्यात-आयात आंकड़े आदि पर इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए डब्ल्यूटीओ एसपीएस और टीबीटी अधिसूचनाओं (एपीडा अनुसूचित उत्पाद) का विश्लेषण करें।

3. एसपीएस/टीबीटी अधिसूचना के लिए अधिसूचित देश हेतु एपीडा के लिए एक व्यापक प्रतिक्रिया तैयार करें;

4. सभी संबंधित हितधारकों, निर्यातकों और उद्योग निकाय/संघों या किसी अन्य संबंधित संगठनों को चिन्हित एसपीएस-टीबीटी अधिसूचनाओं का प्रसार करें। हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों की जांच करें व मिलान करें।

5. संभव व्यापार प्रतिबंधात्मक मुद्दों की सूची बनाएं जिन्हें सदस्य द्वारा मसौदा उपाय की अधिसूचना में उठाया जाना चाहिए; किसी विशिष्ट व्यापार सरोकार की पहचान करें।

6. जिन अधिसूचनाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है, उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करें।

7. हितधारकों के परामर्श, बैठक आदि आयोजित करने में सहायता करना।

8. एसपीएस और टीबीटी अधिसूचनाओं (एपीडा अनुसूचित उत्पादों) की साप्ताहिक/मासिक/तिमाही रिपोर्ट तैयार करें।

9. भारत की विदेश व्यापार नीति , निर्यात आयात प्रक्रियाओं, बाजार अभिगम के मुद्दों, एसपीएस और टीबीटी मुद्दों, डब्ल्यूटीओ के नियमों और विनियमों के अनुपालन आदि में परिवर्तन पर अध्ययन और अद्यतन।

10. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार क्षेत्र और अनुपालन में हाल की घटनाओं पर अद्यतन।

11. लाइन विभागों के साथ निगरानी/समन्वय करना। विश्लेषणात्मक रिपोर्ट , केस स्टडी, कोंसेप्ट नोट, निर्यात विश्लेषण आदि तैयार करना।

12. डब्ल्यूटीओ, एसपीएस-टीबीटी से संबंधित कोई अन्य प्रासंगिक मामला जो ऊपर निर्दिष्ट नहीं है लेकिन असाइनमेंट के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक माना जाता है, को कार्य क्षेत्र के हिस्से के रूप में माना जाए।

# अनुलग्नक II

## आवेदन प्रपत्र

| | |
|---|---|
| 1. जिस पद के लिए आवेदन किया गया (बड़े अक्षरों में) | |
| 2. आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में) | |
| 3. पिता/ पति का नाम | |
| 4. वैवाहिक स्थिति | |
| 5. संपर्क हेतु वर्तमान डाक पता<br>(पिन कोड के साथ बड़े अक्षरों में) | |
| 6. (क) टेलीफोन नं. (एसटीडी कोड के साथ)<br>(ख) मोबाइल नं.<br>(ग) ई-मेल आईडी | |
| 7. स्थाई पता | |
| 8. जन्म तिथि | |
| 9. राष्ट्रीयता | |
| 10. श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी) | |

11. माध्यमिक शिक्षा से शुरू कर शैक्षिक योग्यता: (कृपया प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों की फोटोकॉपी संलग्न करें)

| परीक्षा / डिग्री | विश्वविद्यालय/ बोर्ड | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक/डिवीजन का % | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. अनुभव (कृपया नवीनतम से शुरू करें):

| नियोक्ता का नाम | धारित पद | अवधि | | ग्रेड पे और बेसिक पे / सीटीसी के साथ वेतनमान / वेतन बैंड | कार्य की प्रकृति (यदि आवश्यक हो तो कृपया अलग शीट संलग्न करें) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. डब्ल्यूटीओ/एसपीएस/टीबीटी और प्रासंगिक क्षेत्र के क्षेत्र में अनुभव

| नियोक्ता का नाम | धारित पद | अवधि | | ग्रेड पे और बेसिक पे / सीटीसी के साथ वेतनमान / वेतन बैंड | कार्य की प्रकृति (यदि आवश्यक हो तो कृपया अलग शीट संलग्न करें) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | |
|---|---|
| 14. डब्ल्यूटीओ/एसपीएस टीबीटी या संबंधित क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया या आयोजित किया: | |
| 15. क्या आपको कभी किसी पद से बर्खास्त/दंड/निलंबित किया गया है? यदि हां, तो कारण बताएं: | |
| 16. अतिरिक्त जानकारी , यदि कोई हो , जिसका उल्लेख आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहेंगे। (अधिकतम 500 शब्द) | |

## घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त, मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि यदि किसी भी समय मेरे द्वारा उपलब्ध किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया/गलत पाया जाता है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति को बिना किसी सूचना के सरसरी तौर पर समाप्त कर दिया जाएगा।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

नाम:

स्थान:

तिथि: